प्रभात

छिपाएंगे नहीं, छापेंगे

facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv

प्रभात 76 साल बेमिसाल

www.subhartimedia.com लखनऊ, रविवार, 14 जून 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12

उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित

चीनी नीतिः पहले कर्ज, फिर कब्जा -12

एसएमएस ने तीसरी बार लिम्का बुक रिकार्ड में बनायी जगह

लखनऊ-प्रभात

स्कूल ओफ मैनेजमेंट साइंसेस लखनऊ द्वारा वर्ष 2012 से लगातार वैश्विक तापमान (ग्लोबल.वार्मिंग) व जलवायु परिवर्तन पर जनमानस में चेतना जगाने का सघन कार्य चल रहा है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के सभी 28 .जनपदों में प्रत्येक वर्ष माह अगस्त–सितम्बर से दिसम्बर–जनवरी तक स्कूल–कालेजों में पामफ्लेट वितरण वीडियो व लेक्चर द्वारा विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों तथा अध्यापको को ग्लोबल.वार्मिंग से उत्पन्न समस्याओं व समाधान की जानकारी देते हैं तथा स्कूल–कालेज के छात्र–छात्राओं में सवाल.जबाब के लिए टेस्ट कराया जाता है और प्रत्येक स्कूल–कालेज के 5.5 सफल छात्र–छात्राओं का फाइनल ग्रीन.क्वेस्ट टेस्ट में सम्मलित किया जाता है। उनमें से तीन उत्कृष्ट स्कूल–कालेज के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। इस प्रकार अभी तक लाखो जनमानस को जागृत कर पेड़.पौधे लगानेए बिजली की बचत हेतु एलइडी बल्ब का उपयोग करने, खेती में गोबर की खाद के उपयोग, सोलर लाईट व पम्प लगाने हेतु चेतना जगाई जा चुकी है।

एसएमएस के सचिव व कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने इस अभियान में लगे सभी अध्यापकों अधिकारियों व छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए यह जानकारी दी कि स्कूल ओफ मैनेजमेंट साइंसेस लखनऊ भारतवर्ष का पहला तकनीकी कालेज है जिसे मात्र चार माह की अवधि में प्रदेश के 28 जनपदों के 400 स्कूल कालेजों के माध्यम से 45000 लोगों में ग्लोबल.वार्मिंग से उत्पन्न समस्याओं व निराकरण के अभियान के लिए लिम्का बुक रिकार्ड में स्थान दिया गया है। इस कार्य के लिए एसएमएस विगत कई वर्षों से विश्वस्तर पर कार्य कर रहा है और उनके निदेशक डा भरत राज सिंह द्वारा इस पर पुस्तक ग्लोबल.वार्मिंग. कारण प्रभाव और उपचार. 2015 में प्रकाशित किया है। उन्होंने यह भी यह भी बताया कि यह एक सम्मान की बात है कि तकनीकी शिक्षण संस्थानों के इतिहास में एसएमएस ही पहला ऐसा इंस्टिट्यूट बन गया है जिसे लिम्का बुक रिकार्ड में तीसरी बार ऐसे सराहनीय कार्य हेतु सम्मलित किया गया है। उक्त समारोह में निदेशक डा मनोज महरोत्रा महानिदेशक (तकनीकी) डा.भरत राज सिंह मुख्य महाप्रंधक डा.जगदीश सिंह डीन डा धर्मेन्द्र सिंह महाप्रबन्धक सुरेन्द्र श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष डा. पीके सिंह डा.हेमंत कुमार सिंह डा.अमरजीत सिंह अपर महाप्रबन्धक प्रवीन सिंह आदि उपस्थित रहकर अभियान को विश्वव्यापी बनाने पर सहमति जतायी।